>

Title: Need to establish a Central University and an I.T.I. at Gumla/Lohardaga in Jharkhand - laid.

डॉ. रामेश्वर उरांव (लोहरदगा) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में लोहरदगा एवं गुमला आदिवासी बाहुल्य जिले हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण अथवा तकनीकी शिक्षा के लिए यहां संस्थान नहीं हैं। ग्रामीण इलाके में बेरोजगारी की स्थिति दिनोंदिन गंभीर होती जा रही है। यदि औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र व तकनीकी शिक्षा से संबंधित कोई संस्थान होता तो इस समस्या के निदान में सहायक होता। सामान्य शिक्षा के लिए भी दोनों जिलों में एक-एक कॉलेज हैं, जहां सीट सीमित हैं। स्थिति यह है कि प्रथम श्रेणी से भी मैट्रिक पास छात्र को कॉलेज में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। आवश्यकता है कि कॉलेज कक्षाओं में सीट बढ़ाये जाये या नये कॉलेज शुरू किये जायें। भारत सरकार अभी अधिक संख्या में आई टी आई एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय खोलने की नीति अपना रही है। मेरी मांग है कि झारखण्ड में आई.टी.आई एवं केन्द्रीय विश्वविद्यालय गुमला अथवा लोहरदगा जिला में शुरू करने का विचार भारत सरकार करे।